हरिभूमि

# रत्न भूमि

रायपुर, गुरुवार 25 दिसंबर 2025

[राजिम | फिंगेश्वर | छुरा | मुड़ागांव | रसेला | गरियाबंद | कोपरा | मैनपुर | देवभोग | पांडुका | छुईहा बेलर]


तापमान

अधिकतम 28.3 डिग्री

न्यूनतम 12.3 डिग्री


12 पहुंचविहीन ग्रामों में पहुंचे विधायक जनक ध्रुव...





12 छत्तीसगढ़ की जमीन पर बगैर अनुमति ओडिशा ....









## खबर संक्षेप

### राजिम कुंभ मेला आयोजन के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त

**गरियाबंद।** राजिम कुंभ (कल्प) मेला वर्ष 2026 का आयोजन माघ पूर्णिमा आगामी 01 फरवरी से 15 फरवरी (महाशिवरात्रि) तक आयोजित होना है। कलेक्टर बीएस उइके ने संपूर्ण राजिम कुंभ (कल्प) मेला वर्ष 2026 कार्यक्रम के सुचारू संपादन एवं सर्व विभागों से समन्वय के लिए जिला पंचायत के सीईओ प्रखर चंद्राकर को नोडल अधिकारी बनाया गया है। इसी तरह अपर कलेक्टर पंकज डाहिरे एवं राजिम के अनुविभागीय अधिकारी विशाल कुमार महाराणा को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया जाता है।

### अभनपुर के सात गांव को नए तहसील शामिल, ली आपत्ति

**अभनपुर।** अटल नगर नवा रायपुर मे नवीन तहसील कार्यालय मे अभनपुर तहसील के सात गांव को शामिल किये जाने पर अभनपुर के स्थानीय वकीलो द्वारा आपत्ति दर्ज कराई गई है। अभनपुर तहसील कार्यालय से ग्राम झांकी की दूरी 2 किलोमीटर, भेलवाडीह 3 किलोमीटर, पचेड़ा 5 किलोमीटर, केन्द्री 5 किलोमीटर ,परसठ्ठी 6 किलोमीटर, निमोरा व तूता 7 से 10 किलोमीटर है आमजनता को तहसील कार्यालय आने मे सहुलियत रहेगी। इस संबंध मे राजस्व सचिव को इन ग्रामो को नवा रायपुर के नवीन तहसील मे शामिल नही किये जाने बाबत अधिवक्ता प्रहलाद साहू द्वारा आपत्ति दर्ज कराई गई है,स्थानीय वकीलो ने कहा कि नयापारा पूर्णतः तहसील बनने पर अभनपुर के कई गांव शामिल कर दिये गये थे वही खोरपा को उपतहसील का दर्जा देकर 19 ग्रामो को अलग कर दिया गया ऐसे मे अभनपुर तहसील का अस्तित्व केवल नाम का रह जायेगा,अभनपुर तहसील की परिसीमा अभनपुर से 2-3 किलोमीटर दूरी मे सिमट कर रह जायेगी। वकीलो ने कहा कि राजस्व सचिव से नवीन तहसील के ग्रामो के निराकृत होने वाले मामलो का अपील,अधिकार किस न्यायालय को दिया जायेगा इस संबंध मे स्पष्ट आदेश करने मांग किया गया है।

### भखारा में बंद को मिला पूर्ण समर्थन, दुकानें रहीं बंद



**अंवरी।** धर्मांतरण के विरोध में हिंदू संगठनों द्वारा किए गए आह्वान पर बुधवार को भखारा नगर पूरी तरह बंद रहा। बंद का असर सुबह से ही देखने को मिला। नगर के अधिकांश दुकानें, व्यापारिक प्रतिष्ठान, बाजार और निजी संस्थान बंद रहे। सड़कों पर सामान्य दिनों की तुलना में आवाजाही काफी कम रही। कांकेर की घटना के विरोध में भखारा में बुधवार को दोपहर तक दुकानें पूरी तरह बंद रही। बुधवार को भखारा क्षेत्र का सबसे बड़ा साप्ताहिक बाजार लगने के कारण शाम को चार बजे स्थानीय दुकानदारों ने दुकान खोला। बंद के दौरान कहीं अप्रिय घटना नहीं घटी और पुलिस प्रशासन ने चौक चौराहों पर सुरक्षा व्यवस्था पर निगाह बनाई रखी थी। बताया जाता है कि कांकेर के बड़ेतेवड़ा में हुई घटना की तरह धर्मांतरित व्यक्ति के शव दफन करने को लेकर भखारा चरोटा, गातापार, कुर्रा में भी विवाद की स्थिति बनी थी।

**आंदोलन : हिन्दू संगठन ने रैली निकालकर बंद करायी दुकानें**

# आमाबेड़ा घटना के विरोध में बंद रहा नवापारा, नहीं खुलीं दुकानें






हरिभूमि न्यूज ▸▸| नवापारा-राजिम

कांकेर के आमाबेड़ा की घटना के विरोध में नवापारा शहर स्वस्फुर्त शतप्रतिशत बंद रहा। हालांकि शहर के हिंदु संगठन के कार्यकर्ता सुबह से ही बाइक रैली निकालकर लाऊडस्पीकर के माध्यम से व्यापारियो से दुकान बंद करने आग्रह करते नजर आए। इस बाइक रैली में विशेष रूप से भूपेंद्र सोनी, नागेंद्र वर्मा, मुकुंद मेश्राम, संजीव टिंकु सोनी,नम्मु नारायण ध्रुव, चेंबर्स ऑफ कामर्स के नवापारा अध्यक्ष जवाहर जीवनानी, गौरव सामनानी, धीरज साहू, सुमित सोनी, राजू रजक,मुकेश निषाद,लीलाराम निषाद सहित व्यापारी वर्ग एवं विहिप के सदस्य शामिल थे। सुबह-सुबह शहर का वातावरण एकदम शांत रहा। दुकाने बंद रही। यहां तक कि कुछेक नाश्ता सेंटर खुले ही नहीं। होटल, किराना,कपड़ा, इलेक्ट्रानिक से लेकर अधिकांश दुकाने खुली ही नहीं।

धीरे-धीरे घड़ी का कांटा 11-12 की ओर गया तो दुकानदार एक दूसरे को देखते हुए खोलने का प्रयास किए। कुछ दुकानें खुली और अधिकतर दुकाने पूरा दिन बंद रही। वैसे दुकानों के वर्कर 9-9:30 बजे तक अपने-अपने दुकानो के सामने पहुंच गए थे। चूंकि एनांउसमेंट के चलते वर्करों के मन में भी आ गया कि आज दुकान शायद ही खुलेगी लिहाजा वे भी धीरे-धीरे करके अपने गांव, घर की ओर खिसक लिए। वर्करो के चले जाने से भी अधिकतर दुकाने प्रभावित रही और बंद शतप्रतिशत रहा। ईधर चाय और पान की गुमटी तथा होटले दोपहर तक खुल गई। कुल मिलाकर नवापारा में बंद का असर शत-प्रतिशत सफल रहा।

# बेलर हिंदू सम्मेलन में गूंजा संस्कृति व एकता का संदेश



हरिभूमि न्यूज ▸▸| छुईहा बेलर

■ भारत हिंदू समाज की अमूल्य धरोहर : -अमन शर्मा

बेलर में आयोजित हिंदू सम्मेलन भारतीय संस्कृति, सनातन परंपरा और राष्ट्रीय एकता का सशक्त प्रतीक बनकर उभरा। सकल हिंदू समाज मंडल–बेलर के तत्वावधान में हुए इस आयोजन में विभिन्न संप्रदायों और सामाजिक संगठनों के लोगों ने सहभागिता कर सामाजिक समरसता का संदेश दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण व आरती के साथ हुआ। मुख्य वक्ता सामाजिक कार्यकर्ता भुनेश्वर साहू ने वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। वक्ताओं ने कहा कि सनातन संस्कृति, धर्म और सामाजिक एकता ही समाज की मूल शक्ति है, जिससे नई ऊर्जा और चेतना का संचार होता है। मुख्य अतिथि भागवताचार्य अमन शर्मा (फिंगेश्वर) ने सनातन मूल्यों, सामाजिक सौहार्द और युवाओं को सांस्कृतिक विरासत से जोड़ने पर जोर दिया। उन्होंने कहा, "भारत देश हिंदू समाज की अमूल्य धरोहर है। इसी कारण हमारे देश को हिंदुस्तान कहा जाता है। समाज में किसी प्रकार का भेदभाव नहीं होना चाहिए। भगवान श्रीराम और भगवान श्रीकृष्ण जैसे आदर्श इसी हिंदू समाज से आए हैं।" विशिष्ट अतिथि विनिता शर्मा (मातृशक्ति, विश्व हिंदू परिषद), राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के खंड प्रचारक रोहित प्रजापति सहित अन्य वक्ताओं ने भी समाज को राष्ट्रसेवा के लिए तन–मन–धन से समर्पित रहने का आह्वान किया। साहू संघ तहसील अध्यक्ष खोमन साहू ने क्षेत्रवासियों से राष्ट्र की सेवा और सम्मान के ▸▸|शेष पेज 12 पर

# राजिम बनेगा अब नगर पालिका, अधिसूचना जारी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| राजिम

■ विधायक की पहल से मिली सफलता, शहर में हर्ष



छत्तीसगढ़ के प्रयागराज धर्मनगरी राजिम नगर पंचायत अब नगरपालिका बनने जा रहा है। इस आशय की अधिसूचना जारी होने पर समूचे नगर में हर्ष की लहर दौड़ गई है। शहरवासी इसका पूरा श्रेय विधायक रोहित साहू को दे रहे हैं। विधायक निवास में बधाई देने वालों का तांता लगा हुआ है। बता दें कि गरियाबंद जिले का सबसे पुराना नगर पंचायत राजिम है। नगर पालिका के दर्जा के लिए यहां के नागरिक बेसब्री से प्रतीक्षा कर रहे थे। अब यह पूरी होने जा रही है।

पिछले दिनों विधायक रोहित साहू के नेतृत्व में राजिम नगर पंचायत के अध्यक्ष महेश यादव सहित पार्षदगण राजधानी रायपुर पहुंचकर सीएम विष्णुदेव साय, डिप्टी सीएम नगरीय प्रशासन मंत्री अरूण साव से मुलाकात कर राजिम को नगरपालिका का दर्जा देने की मांग की थी। मालूम हो कि शीतकालीन सत्र में विधायक रोहित साहू ने विधानसभा में ध्यानाकर्षण प्रस्ताव लाया, जिस पर त्वरित कार्यवाही करते हुए 22 दिसंबर को अधिसूचना जारी हुई है। अधिसूचना जारी होते ही पिछले दो दिनों से शहरवासियों में प्रसन्नता की लहर है। राजिम को नगरपालिका का दर्जा मिलने जा रहा है। इस पर खुशी जाहिर करते हुए नगर पंचायत अध्यक्ष महेश यादव, उपाध्यक्ष पूर्णिमा चंद्राकर, पार्षद तुषार कदम, जानकी पटेल, नरोत्तम सिंह ठाकुर, भारत यादव, अंजली उत्तम निषाद, बलराम यादव, आकाश राजपूत, सुरेश पटेल,टंकू सोनकर, अजय पटेल, मंशा कुर्रे, ▸▸|शेष पेज 12 पर

# कुर्मी समाज के प्रतिनिधिमंडल ने नवपदस्थ पुलिस अधीक्षक का किया सम्मान



हरिभूमि न्यूज ▸▸| राजिम

छत्तीसगढ़ प्रदेश कुर्मी क्षत्रिय समाज के प्रतिनिधिमंडल ने गरियाबंद जिले में नवपदस्थ आईपीएस पुलिस अधीक्षक वेदव्रत सिरमौर से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान समाज के गणमान्य नागरिकों ने मोमेंटो, गमछा, पुष्पगुच्छ एवं श्रीफल भेंट कर उनका आत्मीयता के साथ स्वागत एवं अभिनंदन किया। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल ने पुलिस अधीक्षक को जिले की कमान संभालने पर बधाई दी। चर्चा के दौरान समाज के प्रतिनिधियों ने सामाजिक सद्भाव से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर अपने विचार साझा किए। पुलिस अधीक्षक ने समाज के इस प्रेम और सम्मान के लिए आभार व्यक्त किया तथा सामाजिक पदाधिकारियों ने अपने समाज के गौरव को पुलिस अधीक्षक के रूप में अपने बीच पाकर प्रसन्नता व्यक्त की। इस दौरान प्रमुख रूप से कुर्मी समाज गरियाबंद जिला के जिलाध्यक्ष पुरंदर वर्मा, जिला उपाध्यक्ष पुरुषोत्तम चंद्राकर, पोषण वर्मा,जिला महामंत्री भानुप्रताप भारद्वाज, चंद्रनाहु कुर्मी क्षत्रिय समाज दुल्ला छुरा उपक्षेत्र के अध्यक्ष लोकेश चंद्राकर, मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज गरियाबंद के अध्यक्ष गुलाब सिंह वर्मा, रुद्रदेव वर्मा छुरा उपस्थित थे।

# 41 प्रकरणों में 2056.8 क्विंटल धान जब्त

हरिभूमि न्यूज ▸▸| गरियाबंद



दीगर राज्य से छत्तीसगढ़ में अवैध रूप से धान परिवहन और बिक्री पर रोक लगाने के लिए गरियाबंद पुलिस द्वारा चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत बड़ी सफलता मिली है। विगत एक माह 15 दिवस के दौरान पुलिस ने 41 अलग-अलग प्रकरणों में कुल 2056.8 क्विंटल अवैध धान जब्त किया है, जिसकी अनुमानित बाजार कीमत 63 लाख 91 हजार 890 रुपये आंकी गई है। इस दौरान 37 चार पहिया वाहनों और 4 लावारिस प्रकरणों में धान जब्ती की गई।

### तीन ट्रकों से 1295 कट्टा धान जब्त

दिनांक 24 दिसंबर 2025 को थाना जुगाड़ (पायलीखण) क्षेत्र में अवैध धान परिवहन के तीन अलग-अलग मामलों में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 1295 कट्टा (582.75 क्विंटल) धान जब्त किया, जिसकी कीमत लगभग 18 लाख 6 हजार 525 रुपये हैं। मुखबिर से सूचना मिलने पर पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर उड़ीसा की ओर से धान लाकर अवैध बिक्री हेतु परिवहन कर रहे तीन ट्रकों को पकड़ा। पकड़े गए ट्रकों में ट्रक क्रमांक सीजी 29-ए-9002 से 535 कट्टा, ट्रक क्रमांक सीजी 04-पीवी 2651 से 360 कट्टा और ट्रक क्रमांक सीजी - 04-जेसी 2711 से 400 कट्टा शामिल हैं। कुल मिलाकर 1295 कट्टा धान जब्त किया गया। समक्ष गवाहों के साथ जब्ती की कार्रवाई कर धान को संबंधित विभाग को सुपुर्द किया गया।

### सीमा चौकियों पर सख्त निगरानी

वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के निर्देश पर गरियाबंद जिले की सीमा चौकियों पर तैनात बल द्वारा सतत निगरानी रखी जा रही है। शासन के प्रावधान अनुसार समर्थन मूल्य पर धान खरीदी केवल पंजीकृत किसानों से और निर्धारित धान खरीदी केंद्रों में ही की जानी है। इसके बावजूद दीगर राज्यों से अवैध रूप से धान लाकर बिक्री की कोशिशें की जा रही थीं, जिस पर पुलिस ने सख्ती दिखाई है।

### अन्य थानों में भी लगातार कार्रवाई

थाना देवभोग, अमलीदर और छुरा क्षेत्र में भी बीते एक माह 15 दिवस के दौरान लगातार विशेष अभियान चलाकर कुल 41 प्रकरणों में 4662 कट्टा (2056.8 क्विंटल) अवैध धान परिवहन एवं बिक्री करते हुए पकड़ा गया। वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं करने पर सभी मामलों में धान जब्त कर संबंधित विभाग को आगे की कार्रवाई के लिए सौंपा गया।

### अभियान जारी रहेगा

गरियाबंद पुलिस ने स्पष्ट किया है कि धान की अवैध बिक्री और परिवहन के विरुद्ध यह अभियान आगे भी पूरी सख्ती के साथ जारी रहेगा, ताकि किसानों के हितों की रक्षा की जा सके और शासन की धान खरीदी व्यवस्था में किसी भी तरह की गड़बड़ी को रोका जा सके।

**ग्राम विकास समिति में महिला मोर्चा का गठन, शकुन बनीं अध्यक्ष**

# रवेली के विकास को मिलेगी रफ्तार, बनी समिति

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कोपरा



ग्राम विकास समिति रवेली में 23 दिसंबर को बैठक आहूत की गई, बैठक का उद्देश्य ग्राम का विकास एवं विस्तार है जिसको सर्वोपरि रखते हुए कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा की गई। विगत कई दिनों से ग्राम विकास समिति की यह मांग रही की महिलाओं एवम युवाओं की एक संगठन बनाई जाए। जिससे ग्राम के विकास को और रफ्तार दिया जा सके। संगठन समाज में एकता एवं भाईचारे की भावना को प्रेरित करता है, जहा सभी कड़ियों का जुड़े रहना आवश्यक है। किसी एक कड़ी के कमी से अच्छे समाज एवं देश का विकास नहीं किया जा सकता। समाज के विकास में शिक्षा, स्वास्थ्य, बिजली, पानी, सड़क जैसे शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं के साथ साथ सामाजिक, मानसिक, नैतिक, आर्थिक रूप से एक शसक्त समाज का निर्माण किया जा सके। जिसमे सभी का सहयोग एवं मार्गदर्शन होना आवश्यक है। जिसे सर्वोपरि रखते हुए ग्राम के शीतला मंदिर प्रांगण बाजार चौक में महिला मोर्चा ग्राम विकास समिति में महत्वपूर्ण पद अध्यक्ष, उपाध्यक्ष सहित 25 से अधिक महिला सदस्यों की नियुक्ति की गई।

उक्त अवसर पर लक्ष्मण कश्यप अध्यक्ष ग्राम विकास समिति रवेली ने सबका अभिवादन करते हुए कहा की आज का दिन 23 दिसंबर हम सबके लिए गर्व का दिन है कुछ लोग कहते हैं जिस प्रकार किसी की तरक्की के पीछे उनके लोगों का हाथ होता है, उसी प्रकार ग्राम के विकास में महिलाओं की भागीदारी अत्यंत जरूरी है बिना महिलाओं के मार्गदशन सहयोग से ग्राम के विकास की कल्पना नही की जा सकती। समिति का विस्तार करना हमारे बच्चो के उज्वल भविष्य पर निर्भर करता है जिससे समाज में शिक्षा स्वास्थ्य संबंधी किसी प्रकार की समस्या निर्मित न हो। ग्राम के गणमान्य नागरिक कहा करते है की रवेली में पूर्व में कई ऐसे सांस्कृतिक कार्यक्रम हुआ करते थे जिसको लोग आज भी याद करते है जिसे दोहराते हुए आज ग्राम विकास समिति में महिला मोर्चा में नए पदाधिकारियों का चयन किया गया जो किसी यादगार पल से कम नही है। इस अवसर पर श्रवण यादव संरक्षक ग्राम विकास समिति रवेली ने कहा की संविधान में बाबा साहेब डॉ भीमराव अम्बेडकर ने ▸▸|शेष पेज 12 पर

# माहुलकोट और अमलीपदर में भवन निर्माण के लिए विधायक व पूर्व सांसद ने दिया आश्वासन



हरिभूमि न्यूज ▸▸| मैनपुर

चंदूलाल साहू पूर्व सांसद व राज्य भंडार गृह निगम आयोग, रोहित साहू विधायक राजिम क्षेत्र साहू समाज के अध्यक्ष कीर्तन राम साहू के नेतृत्व में समाज के वरिष्ठजनों ने चौतन्य महाप्रभु धाम ग्राम माहुल कोट में सभा कक्ष निर्माण हेतु एवं अमलीपदर में साहू समाज के भवन निर्माण के लिए आवेदन दिया गया जिससे चन्दू लाल साहू पूर्व सांसद राज्य भंडार गृह निगम आयोग के द्वारा एवं रोहित साहू विधायक राजिम के द्वारा शीघ्र भवन निर्माण हेतु स्वीकृत करवाने बात कही साहू समाज के समस्त सामाजिक वरिष्ठ पदाधिकारीयों सभी कार्यकर्ता के द्वारा धन्यवाद व आभार व्यक्त किया गया साहू समाज के अध्यक्ष श्री कीर्तन राम साहू निलाधर साहू लम्बोदर साहू शेखरचंद साहू भुतेश्वर साहू मकरध्वज साहू मूलचंद साहू सोहन साहू जुजेष्ठीर साहू प्रदीप कुमार साहू गणेश साहू डोमेश साहू बंशी लाल साहू आदि उपस्थित रहे।

# छत्तीसगढ़ की जमीन पर बगैर अनुमति ओडिशा करवा रहा पुल निर्माण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

छत्तीसगढ़-ओड़िशा सीमा पर एक बार फिर टकराव की स्थिति देखने को मिल रही है। छत्तीसगढ़ से मंजूरी लिए बिना ओड़िशा के ठेकेदार ने 3 करोड़ का पुल खड़ा कर दिया। ग्राम पंचायत से गुपचुप मंजूरी को लेकर चर्चा है।

ओडिसा के नवरंगपुर जिला के आर डी विभाग द्वारा बरही नाला पर 3 करोड़ से ज्यादा लागत के 66 मीटर का उच्च स्तरीय पुल निर्माण करा रही है। ओडिसा सीमा पर दीवानमुड़ा भोजपुर को जोड़ने वाले बरही नाले का आधा भू भाग छत्तीसगढ़ के राजस्व रिकॉर्ड में दर्ज है। नाला के अलावा 33 मीटर पक्का निर्माण और लगभग 30 मीटर लंबा एप्रोच मार्ग छत्तीसढ़ राजस्व रिकॉर्ड के भूमि में दर्ज है। ठेकदार ने छत्तीसगढ़ की जमीन पर दो बड़े पिलर खड़े करने के अलावा 22 मीटर लंबी स्लैब ढाल चुका है। 30 मीटर एप्रोच सड़क का काम भी तेजी से कर दिया ताकि कोई बाधा न आए। मामले की सूचना मिलते ही तहसीलदार अजय चंद्रवंशी ने निर्माण स्थल का संबंधित हल्का पटवारी से परीक्षण कराया गया है। पटवारी प्रतिवेदन में बताया गया कि खसरा नम्बर 131 में नाले का आधा हिस्सा 33 मीटर छत्तीसगढ़ राजस्व रिकॉर्ड में दर्ज है। खसरा क्रमांक 128/1 दीवानमुडा किसान संतोष कश्यप के नाम पर दर्ज है।

तहसीलदार अजय चंद्रवंशी ने कहा कि उक्त निर्माण अवैधानिक है। निर्माण के पूर्व राजस्व विभाग से अनापत्ति लेनी थी। ठेका कंपनी को नोटिस जारी किया गया है, जवाब उसने ग्राम पंचायत से लिए गए अनापत्ति प्रमाण पत्र दिखाया है, दीगर राज्य के पक्का निर्माण कार्य के लिए यह पत्र पर्याप्त नहीं होता।कार्य स्थगन के लिए पत्र जारी किया जायेगा।

## मामला छत्तीसगढ़-ओडिशा से लगे बरहीनाला का

### सरपंच ने दे दी सहमति,प्रस्ताव में लिया गया कि नहीं जांच होगी

इस निर्माण के लिए जयपुर के वासुदेव कंस्ट्रक्शन कंपनी ने भू भाग आने वाले दीवानमुड़ा ग्राम पंचायत से निर्माण कार्य शुरू होने से पूर्व फरवरी 2023 में तत्कालीन सरपंच कंचन कश्यप से अनापत्ति प्रमाण पत्र लिया हुआ है।चुंकि निर्माण कार्य क्षेत्र में आने वाले निजी भू भाग का उत्तराधिकारी भी तात्कीन सरपंच कंचन कश्यप थे। लेकिन जारी किए गए अनापत्ति प्रमाण पत्र को नियंतमतः पंचायत प्रस्ताव में लेना था।







### 70 करोड़ की योजना हो गई प्रभावित

2015 में तेलनदी के एनासर घाट में 130 मीटर लंबी एनीकेट वाल निर्माण कराया जा रहा था।नदी के दूसरे छोर में बोबरिया ग्राम मौजूद है। 5 करोड़ लागत से बन रहे यह काम शुरू हुआ ही था कि नवरंगपुर जिला प्रशासन नदी के आधे भाग को ओडिसा के अधिपत्य में होना बताया। निर्माण के लिए राजस्व विभाग से जरूरी अनापत्ति नहीं लेना बता कर काम रुकवा दिया, जो आज तक बंद पड़ा है। यह एनीकेट उरमाल जलप्लावन योजना के सपोर्ट के लिए बनाया जा रहा था। एनीकेट से रोके गए पानी जलप्लावन योजना के माध्यम से सिंचाई सुविधा के लिए सहायक बनती। छत्तीसगढ़ ही नहीं ओडिसा के लोगों को भी इस एनीकेट का फायदा होता।

## खबर संक्षेप

### मेघा में मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन

**मगरलोड।** मतदाता सूची के पुनरीक्षण पश्चात कलेक्टर के आदेश पर ग्राम पंचायत मेघा में मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन किया गया है। इस अवसर पर सरपंच मनीषा ध्रुव, उपसरपंच छत्रपाल साहू, सचिव रमेश ध्रुव, सोसाइटी प्राधिकृत अधिकारी संतोष सोनी, पंच बेदराम साहू, तुलेश निषाद, धर्मेंद्र साहू, पदमनी सोनी उपस्थित थे।

### सिलीडीह में क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ

**जीजामगांव।** ग्राम सिलीडीह में टेनिस बाल क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ 23 दिसंबर मंगलवार को हुआ। शुभारम मैच जरवायडीह और नवागांव के बीच हुआ। प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि रुचि पेखन देवांगन सरपंच सिलीडीह, रामबिशाल साहू उपसरपंच, देवजानी पंच, अर्जुन पंच, पवन देशलहरा, पप्पू कंवर थे।

### मांदागिरी पर्वत पर हुआ सामूहिक योग एवं ध्यान

**नगरी।** विश्व ध्यान दिवस पर प्रजापिता ब्रम्हाकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय नगरी द्वारा गौतम ऋषि की तपोभूमि मांदागिरी पर्वत पर सामूहिक योग एवं ध्यान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर राजयोगिनी भावना ने सामूहिक रूप से ध्यान कर विश्व शांति की कामना की। उन्होंने कहा कि आज की व्यस्त और तनावपूर्ण जीवनशैली में मानसिक सुकून के लिए मेडिटेशन आवश्यक है। ध्यान के माध्यम से व्यक्ति अपने विचारों पर नियंत्रण प्राप्त करता है, जिससे मन शांत एवं स्थिर होता है। मेडिटेशन से एकाग्रता और स्मरण शक्ति में वृद्धि होती है। यह केवल मन और बुद्धि तक सीमित न होकर शारीरिक स्वास्थ्य पर भी सकारात्मक प्रभाव डालता है। ध्यान से शरीर स्वस्थ, ऊर्जावान और सक्रिय बनता है। सभी साधकों ने ध्यान करते हुए विश्व शांति, सुख और समृद्धि का संकल्प लिया।

### जनपद सभापति, सरपंच ने पिलाई पोलियो की खुराक

**सिर्री।** राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान के तहत ग्राम पंचायत चारभाठा में 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई गई। शकुंतला देवांगन सभापति जपं कुरूद, सरपंच चंद्रकला देवांगन ने आंगनबाड़ी बूथ पर पहुंचकर बच्चों को पोलियो की दवा पिलाई गई। मौके पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता भुनेश्वरी देवांगन, सहायिका धनेश्वरी निषाद, मितानिन कौशिल्या निषाद, सुमित्रा साहू उपस्थित रहीं।

## 000 : स्तरहीन छात्रवास एवं आंगनबाड़ी भवन निर्माण पर जताई नराजगी

# पहुंचविहीन ग्रामों में पहुंचे विधायक जनक ध्रुव, ग्रामीणों की समस्याएं सुनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर



अलग खबर

बिन्द्रानवागढ़ विधानसभा क्षेत्र के विधायक जनक ध्रुव अपने अलग अंदाज के लिए जाने पहचाने जाते है मैनपुर वनांचल क्षेत्र के पहुंचविहीन ग्रामो में मोटर साइकिल से पहुंचकर ग्रामीणों की समस्याओ को सुना। विधायक को अपने बीच मोटर साइकिल आते देख ग्रामीणों ने उनके इस सादगी अंदाज से बेहद प्रभावित नजर आये। दुरस्थ वनांचल क्षेत्रे के दौरे के दौरान विधायक ने ग्रामीणों के गांव और घरो तक पहुंचकर उनके हालचाल जाना और उनके समस्याओ से अवगत होकर कई समस्याओ का मौके पर समाधान करने का निर्देश अफसरो को दिया। आदिवासी वनांचल क्षेत्र के दौरे पर पहुंचे विधायक ध्रुव ने राज्य के भाजपा सरकार पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा जब से प्रदेश में भाजपा की सरकार बनी है पिछले दो वर्शो से गांवो में विकास कार्य ठप हो गया है आज ग्राम पंचायतो के पास भी गांव के विकास के लिए राज्य और केन्द्र सरकार द्वारा राशि उपलब्ध नही कराई जा रही है जिसके कारण एक तरफ जहां रोजगार के अभाव में ग्रामीण सैकड़ो की संख्या में इस क्षेत्र से पलायन कर आंध्रप्रदेश ओड़िशा कामकाज के तलाश में चले गये है इसकी जानकारी स्थानीय अफसरो को भी नही है। सैकड़ो लोगो का नाम एसआईआर से कट गया। विधायक जनक ध्रुव क्षेत्र के दुर्गम पहुंचविहीन संवेदनशील ग्रामो में मोटर साइकिल के माध्यम से पहुंचकर ग्रामीणों के बीच चौपाल लगाकर समस्या सुनी और कई विकास निर्माण कार्यो की भूमिपूजन के साथ घोशणा भी किया। मोटर साइकिल से पहुंचे विधायक जनक ध्रुव का ग्रामीणों ने गांव –गांव फुलमाला आरती उतारकर आत्मीयता के साथ स्वागत किया। ग्राम तुहामेटा पहुंचने पर बताया गया कि आश्रित ग्राम भालुकोना, कंवरआमा, नारीपानी एवं विकासखण्ड के कई वि"ाश पिछड़ी कमार जनजाति ग्रामो से सैकड़ो की संख्या में ग्रामीण गांव में कामकाज के अभाव में तथा रोजगार की तलाश में पलायन कर आंध्रप्रदेश चले गये है। विधायक जनक ध्रुव ने संवेदनशील क्षेत्र भालुकोना गांव तक मोटर साइकिल से पहुंच स्थितियो का जायजा लिया। इस दौरान अधिकांश घरो में बुजुर्ग और बच्चो को छोड़कर माता पिता बड़े भाई बहन कामकाज रोजगार की तलाश में चले गये है जो जुलाई अगस्त से गये है अब तक नही लौटे है विधायक ने पलायन किये परिवारो से चर्चा किया और उनकी समस्याओ को सुना साथ ही पूरी स्थिति से जिला प्रशासन और राज्य सरकार को अवगत कराने की बात कही है। इस दौरान भालुकोना में पिछले तीन वर्शो से निर्माण किये जा रहे आंगनबाड़ी भवन की घटिया गुणवत्ता की शिकायत ग्रामीणों द्वारा करने पर विधायक जनक ध्रुव ने जमकर नराजगी जताई है। क्षेत्र के दौरे पर पहुंचे विधायक जनक ध्रुव को तुहामेटा के ग्रामीणों ने बताया की राशन दुकान में बहुत ही कंकड़ पत्थरयुक्त चांवल वितरण किया जा रहा है जिस पर विधायक ने राशन दुकान का निरीक्षण किया और खाद्य विभाग के अधिकारियो से चर्चा किया। ग्राम जिड़ार पहुंचे विधायक से ग्रामीणो 'ने शिकायत किया कि उपस्वास्थ्य केन्द्र में इन्जेक्शन सिरिन और दवा की कमी है जिस पर तत्काल बीएमओ को फोन कर दवा सिरिन उपलब्ध करवाई। इस दौरान विधायक जनक ध्रुव को ग्रामीणों ने पुल पुलिया के साथ सड़क और कई सामुदायिक भवन तथा विभिन्न मांगो से अवगत कराया कई मांगो को पूरा करते हुए घोशणा किया जिस पर ग्रामीणों में भारी उत्साह देखने को मिला। इस मौके पर प्रमुख रूप से ब्लॉक कांग्रेस मैनपुर के अध्यक्ष रामकृष्ण ध्रुव, महामंत्री गेंदु यादव, जनपद सदस्य सुकचंद ध्रुव, निहाल नेताम, टिकम सिंह कपिल, सरपंच सुबेसिंग सोरी, पिले"वर सोरी, रामसिंग नागेश, निखिल नेताम, डोमार साहू, युवा कांग्रेस अध्यक्ष सोहन नागेश, मचल सोरी एवं बड़ी संख्या में क्षेत्र के ग्रामीण उपस्थित थे।

### स्तरहीन भवन निर्माण विधायक ने जतायी नाराजगी

ग्राम जिड़ार में करोड़ो रूपये की लागत से छात्रवास भवन का निर्माण किया जा रहा है लेकिन निर्माण एजेंसी द्वारा कार्यस्थल पर कोई सूचना पटल नही लगाया गया है ओर कौन निर्माण तथा किस विभाग द्वारा यह कार्य किया जा रहा है कोई जानकारी उल्लेख नही है। संबंधित विभाग के सबइंजीनियर भी मौके पर मौजूद नही है बावजूद इसके निर्माण कार्य किया जा रहा है। निर्माण कार्य में निर्माण एजेंसी द्वारा गुणवत्ता का कोई ध्यान नही रखा जा रहा है और न ही कोई जिम्मेदार व्यक्ति जानकारी देने के लिए उपलब्ध नही है और तो और पंचायत और गांव वालो को भी मालूम नही है कि कौन सा भवन का निर्माण किया जा रहा है इस पर विधायक जनक ध्रुव ने जमकर नराजगी जताते हुए मामले की शिकायत उच्च स्तर पर करने की बात कही है साथ ही निर्माण कार्य में गुणवत्ता पर वि"ाेश ध्यान देने का निर्देश दिया है।

## भगवान श्री राजीव लोचन का दर्शन करने पहुंचे जिला साहू संघ के अध्यक्ष टीलेश्वर

**राजिम।** जिला साहू संघ खैरागढ़ के नवनिर्वाचित अध्यक्ष, समाज के गौरव एवं कुशल संगठनकर्ता टीलेश्वर साहू बुधवार को भगवान श्री राजीव लोचन एवं राजिम भक्तिन माता के दर्शन हेतु राजिम पहुंचे। उल्लेखनीय है कि जिला साहू संघ खैरागढ़ के निर्वाचन में टीलेश्वर साहू लगातार दूसरी बार अध्यक्ष निर्वाचित हुए हैं, जो उनकी लोकप्रियता एवं समाज के विश्वास का सशक्त प्रमाण है। मंदिर दर्शन के उपरांत टीलेश्वर साहू ने राजिम भक्तिन माता समिति के अध्यक्ष लाला साहू से उनके निवास स्थान पर सौजन्य भेंट की। इस अवसर पर समिति अध्यक्ष लाला साहू ने उन्हें शाल, श्रीफल एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया तथा नवीन कार्यकाल के लिए हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि श्री साहू के नेतृत्व में जिला साहू संघ खैरागढ़ सामाजिक रूप से और अधिक सशक्त होकर प्रदेश स्तर पर अपनी विशिष्ट पहचान स्थापित करेगा। भेंट मुलाकात के दौरान टीलेश्वर साहू ने जानकारी दी कि आगामी 15 से 17 जनवरी 2026 के बीच जिला साहू संघ खैरागढ़ द्वारा भक्त माता राजिम जयंती समारोह खैरागढ़ में भव्य, गरिमामय एवं ऐतिहासिक रूप से आयोजित किया जाएगा। आयोजन को लेकर विस्तार से विचार विमर्श किया गया तथा राजिम भक्तिन माता की जीवन गाथा से संबंधित पत्र-पत्रिकाएं एवं लेखन सामग्री समिति की ओर से उपलब्ध कराई गई।इस अवसर पर सभी ने आगामी दिनों में आयोजित होने वाले भक्त माता राजिम जयंती महोत्सव की सफलता के लिए शुभकामनाएं प्रकट की। जिला साहू संघ खैरागढ़ के अध्यक्ष टीलेश्वर साहू के साथ हाईकोर्ट के अधिवक्ता एवं पार्षद चंद्रशेखर यादव विशेष रूप से उपस्थित रहे।



## पेज 11 के शेष

### बेलर हिंदू सम्मेलन ....

लिए निरंतर सक्रिय रहने की अपील की। सम्मेलन में ग्राम सरपंच प्रतिनिधि लेखराम रात्रि, ग्राम पटेल गणपत साहू, साहू समाज प्रमुख विष्णु साहू, मालेशु ध्रुव, कृष्ण यादव, हेमंत साहू, स्वयंसेवक केशराम सेन, ओमप्रकाश यादव, जयप्रकाश साहू, दीपक साहू, बलराम साहू, श्यामसुंदर साहू, नरेंद्र साहू, प्यारी साहू सहित बड़ी संख्या में बेलर एवं आसपास के ग्रामवासी उपस्थित रहे। सम्मेलन ने भारतीय संस्कृति, परंपरा और राष्ट्रीय एकता के प्रति जागरूकता बढ़ाते हुए समाज को एकजुट रहने का संदेश दिया।

### राजिम बनेगा अब ....

सुमित्रा यशवंत निराला, कुलेश्वर साहू, रेखा कुलेश्वर साहू, सोमनाथ पटेल ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, उप मुख्यमंत्री अरुण साव, विधायक रोहित साहू के प्रति धन्यवाद ज्ञापित करते हुए आभार जताया है।

### रवेली के विकास ....

महिलाओं को जो हक अधिकार दिया है बराबरी का चाहे वह किसी भी क्षेत्र में हो महिलाए किसी से कम नही है। महिलाओं का संगठन होना समाज के विकास में बहुत बड़ी उपलब्धि है जिससे समाज एवम ग्राम को शिक्षा, स्वास्थ्य जैसे योजनाओ की मुख्यधारा से जोड़ा जा सके जिससे महिलाए समाज की हर गतिविधि से रूबरू हो सके जिसके लिए सभी का सहयोग एवम योगदान बहुत जरूरी है।

इस दौरान लोमश ध्रुव सरपंच प्रतिनिधि, बसंत यादव उपाध्यक्ष ग्राम विकास समिति रवेली, तुलसीराम निषाद सलाहकार, रमेश कश्यप सचिव, उमेश निषाद, घनश्याम ध्रुव, मकुंद निषाद, नेहरूरम विश्वकर्मा, गणेश निषाद, लोकेश भेंडिया, एवम महिला नव पदाधिकारियों में शकुन यादव अध्यक्ष महिला मोर्चा ग्राम विकास समिति रवेली, उपाध्यक्ष वत्सला साहू, सदस्य सातो पटेल, बबिता यदु, ढाल कश्यप, बेदबाई ध्रुव, यामिनी साहू, ममता ध्रुव, टुकेश्वरी कश्यप, द्रोपती साहू, अंगेश्वरी ध्रुव, सुरेखा कश्यप, पुन्नीबाई यादव, मोनिका ध्रुव, द्रोपती कश्यप, भानबाई निषाद, इमला कश्यप, तिजिया विश्वकर्मा, गीतांजलि विश्वकर्मा, राजेश्वरी यादव, पुष्पा विश्वकर्मा, ऋतु यादव, रामेश्वरी निषाद, यामनी कश्यप, चैन ध्रुव, गायत्री साहू, टूकेश्वरी निषाद, टिकेश्वरी निषाद, सहित अन्य ग्राम के गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति रही।

## नगरी में 9 जनवरी को होगा हिंदू सम्मेलन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नगरी



आरएसएस राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष 2025 के तहत नगरी और फरसियां मंडल के संयुक्त आयोजन में हिंदू सम्मेलन 9 जनवरी को राजाबाड़ा मैदान नगरी में किया गया है। आयोजन की तैयारी को लेकर डॉ जीआर देवांगन के निवास में बैठक हुई।

सम्मेलन के मुख्य अतिथि पं. युवराज पाण्डेय कथा वाचक अमलीपदर मैनपुर, मुख्य वक्ता हरिओम शर्मा प्रांत कुटुम्ब प्रबोधन प्रमुख छग, विशिष्ट अतिथि बीके निशा साहू, शिक्षिका हाईस्कूल सिहावा होंगी। कार्यक्रम के संयोजक आरएल देव व मोहन नाहटा ने बताया कि बैठक में सम्मेलन की रूपरेखा बनाई गई। नगरी मंडल के 14 गांव नगरी, चुरियारा, तुमबाहरा, मुकुंदपुर, कर्राघाटी, हरदीभाटा, चमेदा, देवपुर, बोधसेमरा, बिरनपुर छिपली, मोदे, अमाली, संबलपुर एवं फरसियां मंडल के 14 गांव फरसियां, निर्राबेड़ा, चंदनबाहरा, गोरेगांव, सामतरा, टेंगना, भैंसामुड़ा, खुदुरपानी, मटियाबाहरा, चारगांव, जबर्रा, खरका, बोडरा, घोरागांव शामिल होंगे। मौके पर सहसंयोजक परमेश्वर सोनबेर, सहसंयोजक शकुन कश्यप, सहसंयोजक सुलोचना सिन्हा, निशा साहू, प्रतिमा देवांगन, सचिव तुलसीराम साहू, कोषाध्यक्ष मोहन नाहटा, कार्यकारिणी सदस्य मौरज पटेल शामिल हुए।

## जिले में 7 नई सड़कों के लिए 13.32 करोड़ की मंजूरी





हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

- भाजपा कार्यकर्ताओं और ग्रामीणों ने मंत्री विजय शर्मा का का जताया आभार

प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत गरियाबंद जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में सड़क निर्माण को लेकर बड़ी सौगात मिली है। ग्रामीणों की मांग को ध्यान में रखते हुए प्रदेश के गृह एवं पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री विजय शर्मा ने जिले में सात नई सड़कों के निर्माण के लिए 13 करोड़ 32 लाख रुपये की स्वीकृति प्रदान की है।

स्वीकृत सभी सड़कें वर्तमान में कच्ची हैं, जिससे ग्रामीणों को आवागमन में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। खासकर बरसात के मौसम में स्थिति और भी गंभीर हो जाती थी। इन समस्याओं को देखते हुए मंत्री श्री शर्मा ने भाजपा नेताओं एवं ग्रामीणों की मांग को स्वीकार करते हुए यह स्वीकृति दी है। सड़क निर्माण की स्वीकृति मिलने से ग्रामीणों में हर्ष का माहौल है। ग्रामीणों का कहना है कि पक्की सड़क बनने से आवागमन सुगम होगा, साथ ही शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार के अवसरों तक पहुंच भी आसान होगी। इसके बार में जानकारी देते हुए भाजपा जिला अध्यक्ष अनिल चंद्राकर ने बताया कि बिंद्रानवागढ़ विधानसभा अंतर्गत गरियाबंद जिले के विभिन्न विकासखंडों में सड़क निर्माण कार्यों के लिए कुल 1338.322 करोड़ रुपये की बड़ी स्वीकृति मिली है। इससे क्षेत्र के ग्रामीण अंचलों में आवागमन सुगम होने के साथ विकास को नई गति मिलेगी। उन्होंने बताया कि देवभोग विकासखंड में सुपेबेड़ा से परेवापाली तक 1.56 किमी सड़क निर्माण के लिए 1.18 करोड़ रुपये स्वीकृत किए गए हैं। वहीं गरियाबंद ब्लॉक में मरदाकला से करीडोंगरी तक 3.30 किमी सड़क के लिए 2.56 करोड़ रुपये तथा रावणडिगी से सेम्हरा तक 2.71 किमी सड़क निर्माण हेतु 1.72 करोड़ रुपये की मंजूरी दी गई है।

मैनपुर विकासखंड में भी कई महत्वपूर्ण सड़कों को स्वीकृति मिली है। इनमें मुड़गेलमाल से स्याहीडोंगरी 3.34 किमी सड़क के लिए 2.84 करोड़ रुपये, अडगड़ी से कोमबुढ़ा 3.82 किमी सड़क के लिए 2.51 करोड़ रुपये, कोडोभाट से साल्हेभात 2.49 किमी सड़क निर्माण हेतु 1.93 करोड़ रुपये तथा भाटीगढ़ से भटगांव 0.86 किमी सड़क के लिए 60 लाख रुपये शामिल हैं।

जिला अध्यक्ष अनिल चंद्राकर ने ग्रामीणों की ओर से गृह एवं पंचायत मंत्री विजय शर्मा और प्रदेश सरकार का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इन सड़क परियोजनाओं के स्वीकृत होने से ग्रामीण क्षेत्रों की कनेक्टिविटी मजबूत होगी और स्थानीय लोगों को आवागमन, व्यापार व शिक्षा-स्वास्थ्य सुविधाओं तक पहुंच में सुविधा मिलेगी। उन्होंने कहा कि भाजपा की सरकार का लक्ष्य अंतिम व्यक्ति तक विकास पहुंचाना है। आज गरियाबंद में यह कथन साकार होता दिखाई दे रहा है।

## जुलाई-अगस्त तक नया भवन छात्र-छात्राओं को मिलेगा

# आईटीआई भवन में अगले सत्र से नए ट्रेड की उम्मीद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा






नगर के मंगल भवन में संचालित आईटीआई कार्यालय को अब नए भवन पंडरी पानी में मिलने वाला है जिससे छात्र-छात्राओं को सुविधा होगी साथ नहीं ट्रेड की स्वीकृत होने से अन्य जगह जाकर पढ़ने वाले छात्राओं को यही सुविधा उपलब्ध होगी। नगर के आईटीआई में लगभग 8-10 साल पूर्व प्रारंभ किया गया, जिसमें कोपा ट्रेड जिसमें 1 वर्ष का कंप्यूटर का प्रशिक्षण रहता है जिसमें यहां पर 48 सीट है जिसमें लगभग 40 बच्चे अध्ययन रखें साथ ही साथ कंप्यूटर हाल एवं अन्य सुविधाओं के अभाव से छात्र-छात्राओं को काफी भटकना पड़ रहा था इन्हीं सब अ सुविधाओं को देखते हुए नए भवन की स्वीकृत हुई है और निर्माण कार्य चल रहा है कोपा ट्रेड का एक वर्ष का सितंबर से जुलाई तक रहता है नए भवन बनने से अन्य ट्रेड खुलने की उम्मीद बढ़ी है, नई आईटीआई भवन ग्राम पंडरीपानी में बन रहा है जिनकी लागत 318.51 लाख रुपया है जिसे 15 माह में पूर्ण किया जाना था किंतु लगभग 18 माह बीत जाने के बाद भी आज भी भवन पूर्ण नहीं हुआ है ,कार्य का शुभारंभ 16 में 2023 को बोर्ड में लिखा गया है किंतु 19 माह बाद भी अभी कार्य चल रहा है ऐसी उम्मीद की जा रही है कि मैं आईटीआई के जुलाई अगस्त में यह बिल्डिंग छात्र-छात्राओं को प्रदान कर दी जाएगी। इस संबंध में आईटीआई के प्राचार्य ज्ञानेश्वरी पटेल ने बताया कि भवन अभी हमें प्रदान नहीं किया गया है पुराने भवन में कई प्रकार की समस्याएं हैं जिसे लगातार विभाग को अवगत कराया गया है नए भवन मिलाने से इसकी जानकारी उच्च कार्यालय को प्रदान करने के पश्चात यहां पर अन्य ट्रेड इलेक्ट्रीशियन, फ़िटर प्रारंभ किया जाएगा जिससे वनांचल के छात्र-छात्राओं को पढ़ने में सुविधा मिलेगी, उन्होंने कहा कि इसमें अभी समय लग जाएगा किंतु नए भवन में छात्र-छात्राओं को विभिन्न सुविधा मिलेगी किंतु भवन काफी बड़ा है इसलिए यह अन्य टेड खोलने के पश्चात भवन उपयुक्त होगी, उन्होंने बताया कि वर्तमान में कोपा संचालित है जिसमें 48 सीट स्वीकृत हैं जिसमें 40 बच्चे अध्यनरत है साथ ही साथ 5 कार्यालय स्टाफ है ।

लोक निर्माण विभाग के इंजीनियर केपी सकारिया ने कहा कि भवन का निर्माण कार्य एक दो महीने में पूर्ण हो जाएगा ,फिर उन्हें हैंड ओवर कर दिया जाएगा ,उन्होंने बताया कि भवन निर्माण कार्य अभी वर्तमान में देखने पर लगभग चार से पांच महा विलम्ब से चल रहा है और पूर्ण होते तक 6- 7 माह विलंब हो जाएगा, किंतु यह अनुबंध देखने पर पता चलेगा कि किन परिस्थितियों में यहां भवन निर्माण कार्य विलंब हुआ है और उन्हें ठेकेदार को अपना कारण बताना पड़ेगा कि आखिर 6-7 माह किस तरह से विलंब हुआ है उनकी मूल्यांकन के पश्चात विलंब के लिए उन्हें 6% पेनल्टी का भी प्रावधान है उन्होंने कहा कि ठेकेदार द्वारा बताएं कारण का विभागीय तौर पर मूल्यांकन किया जाएगा अगर विभाग संतुष्ट है तो स्वीकार है अन्यथा विलंब के आधार पर उन्हें पेनल्टी दिया जाएगा उन्होंने कहा कि लगभग 1-2 माह में आईटीआई भवन विभाग को प्रदान कर दिया जाएगा, क्षेत्र के भाजपा नेता अजय दीक्षित ने कहा कि भवन पर्याप्त है इसलिए यहां पर जल्द ही नया ट्रेड शुभारंभ किया जाना चाहिए ताकि स्थानीय छात्र-छात्राओं को इलेक्ट्रीशियन फ़िटर जैसे ट्रेड पढ़ने के लिए अन्य स्थान जाने की जरूरत ना पड़े साथ-साथ उन्होंने कहा कि भवन निर्माण में गुणवत्ता का भी विशेष ध्यान रखा जाना चाहिए क्योंकि छात्रों को के लिए यह एक मील का पत्थर साबित होगा।

**खबर संक्षेप**

### जंगल में पेड़ पर लटका मिला नवविवाहिता का शव

**धमतरी।** शौच जाने के लिए निकली एक नवविवाहिता का शव संदिग्ध हालत में जंगल में फांसी के फंदे पर लटका मिला है। पुलिस व परिजनों के अनुसार केरेगांव थाना क्षेत्र के ग्राम उरपुटी निवासी चांदनी कमार उम्र 22 वर्ष पति उसवन की शादी पांच माह पहले जुलाई में हुई थी। मृतिका का मायका अमलीपारा दल्लीराजहरा है। शादी के बाद महिला ससुराल उरपुटी आ गई। सोमवार की सुबह चांदनी अपनी सास को शौच जाने की बात कहकर घर से जंगल के लिए निकली थी जो शाम तक वापस घर नहीं लौटी। महिला के नहीं लौटने पर परिजनों ने आसपास उसकी तलाश शुरु कर दी। लेकिन रात तक महिला की कोई जानकारी नहीं मिली। दूसरे दिन मंगलवार की सुबह लापता नवविवाहिता का शव गांव से दो किमी दूर भेलवाकोना के जंगल में पेड़ पर साड़ी के फंदे में लटकी मिली। जानकारी होने के बाद परिजनों ने केरेगांव पुलिस को घटना की सूचना दी। पुलिस दोपहर में घटनास्थल भेलवाकोन्हा के जंगल पहुंची जहां नवविवाहिता का शव पेड़ की ऊंची शाखा में उसकी पहनी साड़ी के फंदे पर लटक रहा था। पुलिस ने पंचनामा के बाद शव को शाम तक जिला अस्पताल के मर्चच्यूरी भेज दिया। बुधवार को शव का पोस्टमार्टम कराका परिजनों को सौंप दिया।

एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय में तीन दिवसीय प्रेरणात्मक एवं करियर मार्गदर्शन का आयोजन

# कैरियर मार्गदर्शन में छात्रों ने सीखा शैक्षणिक एवं व्यावसायिक चुनौतियों के गुर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय, छुरा में विद्यार्थियों के शैक्षणिक, मानसिक एवं करियर विकास के उद्देश्य से 22 से 24 दिसंबर तक तीन दिवसीय प्रेरणात्मक एवं करियर मार्गदर्शन सत्र का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को बोर्ड परीक्षाओं, नीट जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं तथा भविष्य की शैक्षणिक एवं व्यावसायिक चुनौतियों के लिए मार्गदर्शन प्रदान करना रहा।

इस अवसर पर विशाल अम्बेडकर एवं आयुष सिंह, एमबीबीएस फाइनल ईयर छात्र, जी.एम.सी., आज़मगढ़, विशेष अतिथि एवं मार्गदर्शक के रूप में विद्यालय पधारे। दोनों अतिथियों ने विद्यार्थियों के साथ अपने संघर्ष, परिश्रम एवं सफलता से जुड़े अनुभव साझा किए तथा विद्यार्थियों को लक्ष्य के प्रति समर्पित रहने के लिए प्रेरित किया।

कार्यक्रम के प्रथम दिन कक्षा 11वीं एवं 12वीं के विद्यार्थियों के लिए मार्गदर्शन सत्र आयोजित किया गया। इस अवसर पर दोनों अतिथियों का विद्यालय परिवार द्वारा औपचारिक स्वागत किया गया। सत्र के दौरान अतिथियों ने नीट एवं अन्य प्रतियोगी



परीक्षाओं की तैयारी से संबंधित महत्वपूर्ण बिंदुओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने निरंतर अध्ययन, अनुशासन, समय प्रबंधन, आत्मविश्वास एवं नियमित अभ्यास के महत्व को उदाहरणों सहित समझाया। विद्यार्थियों के साथ संवादात्मक चर्चा करते हुए उनकी जिज्ञासाओं का समाधान भी किया गया।

द्वितीय दिन कक्षा 10वीं के विद्यार्थियों के लिए बोर्ड परीक्षा केंद्रित मार्गदर्शन सत्र आयोजित किया गया। इस सत्र में विद्यार्थियों को प्रभावी अध्ययन योजना, उत्तर लेखन कौशल, पुनरावृत्ति की रणनीति तथा परीक्षा तनाव से निपटने के उपायों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। अतिथियों ने विद्यार्थियों को आत्मविश्वास बनाए रखते हुए सकारात्मक सोच के साथ परीक्षा में सम्मिलित होने के लिए प्रेरित किया।

कार्यक्रम के तृतीय एवं अंतिम दिन पुनः कक्षा 11वीं एवं 12वीं के विद्यार्थियों के लिए विशेष सत्र आयोजित किया गया। इस सत्र में लक्ष्य निर्धारण, दीर्घकालिक करियर योजना, निरंतर प्रयास एवं असफलताओं से सीख लेने जैसे विषयों पर गहन चर्चा की गई। अतिथियों ने अपने व्यक्तिगत अनुभव साझा करते हुए विद्यार्थियों को यह संदेश दिया कि कठिन परिस्थितियों में भी निरंतर परिश्रम एवं धैर्य से सफलता प्राप्त की जा सकती है। कार्यक्रम के समापन अवसर पर दोनों अतिथियों का विद्यालय परिवार की ओर से शॉल ओढ़ाकर एवं स्मृति चिन्ह (मोमेंटो) भेंट कर सम्मान किया गया तथा उनके अमूल्य मार्गदर्शन के लिए आभार व्यक्त किया गया।



यह तीन दिवसीय मार्गदर्शन कार्यक्रम विद्यार्थियों के शैक्षणिक नियोजन, मानसिक सुदृढ़ता एवं भविष्य उन्मुख दृष्टिकोण विकसित करने की दिशा में अत्यंत प्रेरणादायक एवं उपयोगी सिद्ध हुआ।

समापन अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य डॉ. कमलाकांत यादव ने दोनों अतिथियों का शॉल ओढ़ाकर एवं स्मृति चिन्ह (मोमेंटो) भेंट कर सम्मान किया तथा उनके अमूल्य मार्गदर्शन हेतु आभार व्यक्त किया।

इस अवसर पर विद्यालय के समस्त शिक्षकगण एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

यह तीन दिवसीय प्रेरणात्मक एवं मार्गदर्शन कार्यक्रम विद्यार्थियों के शैक्षणिक नियोजन, मानसिक सुदृढ़ता एवं भविष्य उन्मुख दृष्टिकोण के विकास में अत्यंत उपयोगी एवं प्रेरणादायक सिद्ध हुआ।

# बिजली में गुरु घासीदास जयंती मनाई गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर



समीपस्थ ग्राम बिजली में इस वर्ष भी बाबा गुरु घासीदास की जयंती श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई गई। इस अवसर पर सतनामी समाज द्वारा भव्य शोभा यात्रा निकालकर जोड़ा जैत खाम में पुष्प वर्षा कर पालो चढ़ाया गया।

इस अवसर पर पंथी पार्टी सेंदर के कलाकारों ने नशा मुक्ति एवं दुर्व्यसन से दूर रहकर बाबा जी संदेश को अपने जीवन में उतारकर उन्नति करने सीख दी जिसे उपस्थित दर्शकों ने खूब प्रशंसा की। मुख्य कलाकार गोपाल सोनवानी, अशोक सोनवानी दोनों शिक्षक एवं उसके साथी कलाकारों प्रदर्शन बहुत ही सराहनीय एवं प्रेरणास्पद रहे,जो बाबा जी के संदेश को फैलाने के साथ साथ बाबा साहेब अम्बेडकर द्वारा महिलाओं को दिए अधिकार का प्रचार कर सराहनीय कार्य समाज में कर रहे है। इस आयोजन में संचालक दूज लाल ढीढी, तिलक ढीढी गेंदलाल ढीढी,वेद राम ढीढी,रवि मांडले,लक्ष्मी नारायण ढीढी, ओंकार ढीढी,लालजी ढीढी,आशा मांडले, देवानंद, प्रीतम बघेल,विकास कुर्रे,टुमन ढीढी, रेवा ढीढी,सुखदेव धृतलहरे,पूर्व सरपंच देमीन मांडले,अमरचंद ढीढी,बसंता मांडले,चित्र रेखा ढीढी,खेमचंद मांडले सहित समाज के सभी लोगों ने अपनी महती भूमिका निर्वहण की।इस अवसर पर समाज की ओर से सभी अतिथियों का सम्मान किया गया तथा अतिथियों ने आर्थिक सहयोग कर समाज की इस पुनीत कार्यक्रम में सहभागिता निभाई।

कार्यक्रम के अंत में प्रसाद वितरण किया गया वहीं मंचीय कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जनपद पंचायत फिंगेश्वर सभापति नंदू राम यादव,अध्यक्षता सरपंच पदमा निषाद,उपसरपंच तोषण पटेल,पूरन लाल साहू(व्याख्याता) पंच विमला ढीढी,विशेष अतिथि के रूप में मोती निषाद पूर्व सरपंच,पूर्व सरपंच प्रतिनिधि पीलाचंद मांडले, ग्राम विकास समिति के अध्यक्ष शत्रुघ्न साहू, सचिव कृपा राम निषाद,लिखन निषाद,ठाकुर राम यादव लीला राम पटेल, , पीतांबर साहू, संतोष साहू, पूर्व सरपंच रमेश यादव, संतुराम सेन, बिसाहू राम निषाद व सर्व समाज के सभी गणमान्य नागरिक व ग्रामवासी उपस्थित थे।

## सेंट जॉन्स स्कूल में रेड एंड व्हाइट विंटर फेस्ट का प्रदर्शन

**छुरा।** सेंट जॉन्स इंग्लिश मीडियम स्कूल में शीतकालीन उत्सव रेड एंड व्हाइट विंटर फेस्ट तथा रचनात्मक गतिविधि कुकिंग विदाउट फायर का भव्य एवं उत्साहपूर्ण आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में रचनात्मकता, टीमवर्क, स्वास्थ्य जागरूकता एवं आत्मविश्वास को बढ़ावा देना रहा। विंटर फेस्ट के अवसर पर विद्यालय परिसर को लाल एवं सफेद रंगों की आकर्षक सजावट से सुसज्जित किया गया। विद्यार्थियों ने रंग-बिरंगे परिधानों में मनमोहक प्रस्तुतियां दीं, जिससे पूरे वातावरण में उत्सव का उल्लास छा गया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों, खेलकूद गतिविधियों और मनोरंजक आयोजनों ने बच्चों के साथ-साथ अभिभावकों का भी खूब मनोरंजन किया। कुकिंग विदाउट फायर गतिविधि




में विद्यार्थियों ने बिना आग के स्वादिष्ट, पौष्टिक एवं कलात्मक व्यंजन तैयार कर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। फलों की चाट, सैंडविच, सलाद, मिठाइयाँ एवं स्वास्थ्यवर्धक नाश्तों को आकर्षक ढंग से प्रस्तुत किया गया। निर्णायकों ने स्वाद, स्वच्छता, प्रस्तुति एवं नवाचार के आधार पर विद्यार्थियों का मूल्यांकन किया। विद्यालय प्रबंधन एवं शिक्षकों ने विद्यार्थियों के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसी गतिविधियाँ बच्चों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। कार्यक्रम के अंत में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। आयोजन ने विद्यालय जीवन में यादगार पल जोड़ते हुए सभी के मन में उत्साह और आनंद भर दिया।

## अटल बिहारी थे प्रखर वक्ता, कुशल प्रशासक और दूरदर्शी राजनेता

**राजिम।** गरियाबंद जिले के वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता शिक्षक भागचंद चतुर्वेदी ने कहा कि भाजपा के इतिहास में कुछ व्यक्तित्व ऐसे होते हैं, जो केवल सत्ता के शीर्ष पदों तक सीमित नहीं रहते, बल्कि अपनी विचारधारा, आचरण और राष्ट्र के प्रति समर्पण से आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा बन जाते हैं। ऐसे ही महान व्यक्तित्व थे पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी। उनका जन्मदिन केवल एक राजनीतिक नेता का जन्मदिन नहीं, बल्कि भारतीय लोकतंत्र, राष्ट्रवाद और सुशासन के मूल्यों को स्मरण करने का अवसर है। चतुर्वेदी ने कहा कि राजनीति के पितामह अटल बिहारी वाजपेयी जी को भारतीय राजनीति का पितामह कहा जाए तो अतिश्योक्ति नहीं होगी। वे ऐसे नेता थे, जिन्हें पक्ष और विपक्ष-दोनों समान आदर की दृष्टि से देखते थे। उनकी वाणी में ओज था, विचारों में स्पष्टता और व्यवहार में उदारता। वे प्रखर वक्ता, कुशल प्रशासक, दूरदर्शी राजनेता और संवेदनशील कवि





थे। प्रधानमंत्री के रूप में ऐतिहासिक उपलब्धियाँ अटल जी ने तीन बार देश के प्रधानमंत्री का दायित्व संभाला, लेकिन 1999 से 2004 का उनका कार्यकाल भारत के इतिहास में स्वर्ण अक्षरों में अंकित है। इस कालखंड में उन्होंने देश को आर्थिक, सामरिक और सामाजिक रूप से नई दिशा दी। पोखरण परमाणु परीक्षण 1998ः भारत को परमाणु शक्ति संपन्न राष्ट्र बनाकर वैश्विक मंच पर आत्मसम्मान और सुरक्षा का नया आयाम दिया। स्वर्णिम चतुर्भुज परियोजनाः देश के चारों कोनों को जोड़ने वाली सड़क परियोजना ने आर्थिक विकास को गति दी। टेलीफोन और आईटी क्रांतिः दूरसंचार क्षेत्र में सुधार कर आम नागरिक को सस्ती और सुलभ सेवाएँ उपलब्ध कराईं। शांति प्रयास बस से लाहौर यात्रा कर उन्होंने पड़ोसी देश के साथ संवाद और शांति का संदेश दिया। श्री चतुर्वेदी ने कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य निर्माण में ऐतिहासिक भूमिका अटल बिहारी वाजपेयी जी का नाम छत्तीसगढ़ राज्य के निर्माता के रूप में स्वर्णिम अक्षरों में अंकित है। लंबे समय से छत्तीसगढ़ अंचल पृथक राज्य की मांग कर रहा था। क्षेत्र की भौगोलिक विषमता, आदिवासी बहुल समाज, सांस्कृतिक पहचान और विकास की आवश्यकता को समझते हुए अटल जी ने वर्ष 2000 में छत्तीसगढ़ को पृथक राज्य का दर्जा दिया। यह निर्णय केवल प्रशासनिक नहीं, बल्कि सामाजिक न्याय और क्षेत्रीय संतुलन की दृष्टि से ऐतिहासिक था।



प्रस्तुति- श्यामकिशोर शर्मा, ब्यूरोचीफ, हरिभूमि कार्यालय राजिम, जिला गरियाबंद, मो.नं.-79871-24123

## खबर संक्षेप

### अमाली में आज से क्रिकेट प्रतियोगिता

**नगरी।** ग्राम अमाली में आज से पंचायत स्तरीय टेनिस बाल क्रिकेट प्रतियोगिता रखी गई है। प्रथम पुरस्कार 20026 और द्वितीय पुरस्कार 10026 रुपये रखा गया है। प्रवेश शुल्क 700 रुपये है। यह जानकारी अध्यक्ष हरीश साहू, उपाध्यक्ष महेश ध्रुव, सचिव नागेन्द्र ध्रुव, कोषाध्यक्ष मनीष कश्यप, कप्तान बंटी ध्रुव ने दी।

### नारी में घासीदास जयंती और मड़ई आज

**सिर्री।** ग्राम नारी में सतनामी समाज एवं ग्रामवासियों के सहयोग से 25 दिसंबर को गुरु घासीदास जयंती मनाई जायेगी। मड़ई मेला का आयोजन होगा। दिन में बालिका पंथी पार्टी दूधवारा की प्रस्तुति होगी। रात्रि में परसा के फूल कवर्धा का आयोजन होगा।

### पंथी प्रतियोगिता 25-26 को, 27 को जयंती मड़ई

**अंवरी।** ग्राम अंवरी में गुरु घासीदास जयंती के अवसर पर पंथी प्रतियोगिता 25 एवं 26 दिसंबर को रखी गई है। प्रथम पुरस्कार 5051 रु, द्वितीय पुरस्कार 3333 रु, तृतीय पुरस्कार 2222 रुपये दिया जायेगा। 27 दिसंबर को जयंती मड़ई होगी। रात्रिकालीन मनोरंजन के लिए सुर संगम अंनत छत्तीसगढ़ लोककला मंच आकाश आनंद जांजगीर चांपा की प्रस्तुति होगी। तैयारी में समाजजन एवं ग्रामवासी जुटे हुए हैं।

### मुल्ले में पंथी नृत्य 25 से, मड़ई 27 को

**जीजामगांव।** बाबा गुरु घासीदास की जयंती पर ग्राम में सतनामी समाज एवं ग्रामवासियों के सहयोग से पंथी नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन 25 एवं 26 दिसम्बर को किया गया है। 27 दिसंबर शनिवार को मड़ई मेला होगा। रात्रिकालीन मनोरंजन के लिए मया के संदेश कोल्दा बागबाहरा का नाचा कार्यक्रम होगा। आयोजन की तैयारी में अध्यक्ष रतिराम कोठरे, देवकुमार बघेल उपाध्यक्ष, बहुरराम कोसले कोषाध्यक्ष, युगेश चतुर्वेदी सचिव, प्रहलाद कोठारे, गुलाब रात्रे, राजकुमार कोठरे, किन्नु बांधे, विक्रम कोठरे, जितेन्द्र चतुर्वेदी जुटे हुए हैं। यह जानकारी अध्यक्ष रतिराम कोठरे ने दी।

### लाईवलीहुड कॉलेज में दिया जाएगा प्रशिक्षण

**धमतरी।** मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना के तहत लाईवलीहुड कॉलेज धमतरी में असिस्टेंट इलेक्ट्रिशियन (घरेलू वायरिंग), फील्ड टेक्नीशियन एसी और सुरक्षा गार्ड पाठ्यक्रमों में निःशुल्क प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसके लिए 31 दिसंबर तक आवेदन आमंत्रित किए गए हैं।

### मैदान में अचेत पड़ा मिला युवक, मौत

**धमतरी।** गौशाला मैदान के पास अचेत पड़े युवक को उपचार के लिए जिला अस्पताल ले जाया गया। डॉक्टर ने चेकअप के बाद युवक को मृत घोषित कर दिया। अस्पताल पुलिस चौकी के अनुसार विंध्यवासिनी मंदिर वार्ड निवासी शंभू चौहान पिता सुनील उम्र 35 वर्ष नगर निगम में साफ-सफाई का काम करता था। युवक शराब सेवन का आदी था। मंगलवार को भी युवक ने शराब का सेवन किया था। इसी हालत में युवक गौशाला मैदान की तरफ जा रहा था। कुछ देर बाद युवक अचेत हालत में पड़ा मिला।

# 51 कुंडीय गायत्री महायज्ञ के शुभारंभ में किया मंत्रों का समवेत उच्चारण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोपरा

## पहले दिन 150 से अधिक दंपत्तियों ने दी हवन कुंड में आहुति, गायत्री मंत्र से भक्तिमय हुआ नगर

नगर में महायज्ञ के पहले दिन 150 से अधिक दंपत्तियों ने देव आह्वान करते हुए हवन कुंड में आहुति प्रदान की। गायत्री मंत्र और महामृत्युंजय मंत्र के सामूहिक उच्चारण से पूरा नगर भक्तिमय वातावरण में डूब गया। नगर के उच्चतर माध्यमिक विद्यालय परिसर में आयोजित इस महायज्ञ में पीले वस्त्रों में सजे यज्ञमानों की उपस्थिति ने कार्यक्रम को भव्य और आकर्षक रूप प्रदान किया।

प्रातः 8.30 बजे याचक हवन कुंड में आसनस्थ हुए, जिसके साथ ही गायत्री महायज्ञ का विधिवत शुभारंभ हुआ। शांति कुंज हरिद्वार से पधारे ऋषिपुत्र प्रमोद बारचे ने वैदिक मंत्रों के साथ देव आह्वान एवं देव पूजन सम्पन्न कराया। इसके पश्चात दंपत्तियों एवं श्रद्धालुओं ने अग्नि कुंड में श्रद्धापूर्वक आहुति दी। कार्यक्रम में राज्य भंडार गृह अध्यक्ष एवं पूर्व सांसद चंदूलाल साहू विशेष रूप से शामिल हुए और उन्होंने यज्ञ में आहुति देकर धर्म और अध्यात्म के इस महाअनुष्ठान में सहभागिता निभाई। दोपहर 3.30 बजे पावन प्रज्ञा पुराण कथा का आयोजन हुआ, जिसमें ऋषिपुत्र प्रमोद बारचे ने मानव जीवन को श्रेष्ठ बनाने वाले 16 संस्कारों के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि मन, बुद्धि, चित्त और संस्कार ही मनुष्य को जीवन पथ पर आगे बढ़ाते हैं। कथा में पुंसवन, नामकरण, अन्नप्राशन, विद्यारंभ, दीक्षा, यज्ञोपवीत, मुंडन, विवाह एवं अंत्येष्टि संस्कार की विस्तृत जानकारी दी गई।







### श्रद्धालुओं का लगा तांता

लगभग 150 दंपत्तियों ने पूजन एवं यज्ञ में भाग लेकर नगर की सुख-समृद्धि और राष्ट्र की उन्नति की कामना के साथ आहुति अर्पित की। इस अवसर पर नगर के प्रबुद्धजन एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालु दिनभर यज्ञ स्थल पर उपस्थित रहे। महायज्ञ का पहला दिन धार्मिक अनुष्ठान, वैदिक परंपरा और सामूहिक साधना का जीवंत उदाहरण बनकर कोपरा नगर को आध्यात्मिक ऊर्जा से सराबोर कर गया। आयोजित गायत्री महायज्ञ में गायत्री परिवार के पुरषोत्तम यादव टीकम साहू एवं नगर के भानुप्रिया साहू यामिनी यादव, भारती साहू, सीमा साहू, देवकी साहू, छाया साहू, अर्चना वर्मा, डागेश्वरी साहू,सीमा साहू, केवरा साहू, योगेश्वरी साहू, संतोषी सेन ,कुमारी साहू, मोनिका साहू का विशेष योगदान रहा है। इसके अलावा प्रेमलाल साहू,कोपेश्वर साहू, कोमल साहू, बिहारी निषाद, लक्ष्मण यादव, गोविंद राम कंवर का सहयोग रहता है।

## कृषि विभाग ने जागरूकता अभियान में किसानों को बांटे बीज

# किसान गर्मी में लें गेहूं, चना मक्का रागी की फसल



हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर

ग्राम बरोंडा में कृषि विभाग द्वारा कृषि चौपाल का आयोजन किया गया। रबी मौसम में धान के फसल में कमी लाने और किसानों को कम लागत, कम मेहनत में उपज का अच्छा दाम दिलाने के लिए ग्राम बरोंडा के किसानों की बैठक लेकर उन्हें जागरूक किया जा रहा है तथा उनकी सहमति पर आवश्यकतानुसार बीज उपलब्धता की जानकारी दी गयी। वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी के आर वर्मा ने बताया कि ग्रीष्मकालीन धान की फसल के लिए अधिक पानी की जरूरत होती है। कृषि विभाग द्वारा भू जल स्तर को गिरने से बचाने तथा गर्मी के मौसम में पेयजल की समस्या का समाधान हो सके, इसे ध्यान में रखते हुए किसानों को ग्रीष्मकालीन धान के बदले अन्य फसल जैसे गेहूं, चना, उड़द और मक्का रागी बोने जागरूकता अभियान चलाकर बीज वितरण किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि ग्रीष्मकालीन धान के बदले अन्य फसल बोने के लिए ग्राम बिजली चैतरा कौन्दकेरा में कृषकों से सहमति प्राप्त की गई है। यह अभियान विकासखंण्ड के सभी गांवों में चलाकर किसानों को जागरूक किया जा रहा है और उनकी मांग अनुसार अनुदान पर बीज वितरण का कार्य प्रगति पर है। यदि कोई कृषक धान के आलावा अन्य फसल की खेती करना चाहते हैं तो अपने क्षेत्र के ग्रामीण कृषि विस्तार से संपर्क कर सकते हैं।उक्त कार्यक्रम में ग्राम बरोण्डा के किसान के साथ कृषि विकास अधिकारी नरेन्द्र कश्यप व ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी हरिशंकर सुमेर उपस्थित थे।

### किसानों को बांटे गए दलहन और तिलहन के बीज

**रसेला।** क्षेत्र में रबी फसल की खेती के लिए किसानों को विभिन्न फसलों का बीज वितरण किया गया। इसमें ग्राम पंचायत रसेला, रूवाड, मुढीपानी, मेडकीडबरी, दादरगांव नया में दलहन और तिलहन बीज का वितरण सरकार द्वारा किसानों को कृषि उत्पादन बढ़ाने और आत्मनिर्भर बनाने के लिए किया जा रहा है। जिसमें मिनी किट के रूप में मसूर, चना, सरसों और रागी अनुदानित दरो पर बीज वितरण किया गया।

यह वितरण रबी और खरीफ मौसम के लिए होता है। ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी संजय बघेल ने बताया कि इसका उद्देश्य दलहन तिलहन उत्पादन को बढाना है, क्योंकि भारत दालों के क्षेत्र में आत्मनिर्भरता हासिल करने की दिशा में काम कर रहा है। यह वितरण केंद्र और राज्य सरकारों की कृषि योजनाओं का हिस्सा है ताकि रबी और खरीफ दोनों मौसमों में फसलों का रकबा और उत्पादन बढे। इस मौके पर जनपद सदस्य सुखराम ठाकुर, बिमला नागेश, सरपंच तुलेश्वर ध्रुव,विजयकृष्णा नागेश, रवि मरकाम,लता नागेश सभी चयनित किसानों को बीज वितरण किया गया।



जनपद सदस्य सुखराम ठाकुर, बिमला नागेश ने कहा कि ग्रामीणों को धान के अलावा दलहन तिलहन खेती को प्रोत्साहित करने के लिए बीज शासन के सहयोग व मार्गदर्शन से किसानों को वितरण किया गया है। इसके अलावा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना की जानकारी दी गई। इसके अलावा शासन के विभिन्न योजनाओं को किसानों को बताया गया। कृषि विस्तार अधिकारी संजय बघेल ने दलहन तिलहन के अलावा शासन के विभिन्न योजनाओं को किसानों को विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। इस दौरान उपसरपंच धनसाय ध्रुव,कृष्णा गुप्ता,सेवक राम साहू, दिलीप नागेश, सुभाष, अमरसाय, झवर अग्रवाल,मानो राम,सुमार सिंह,गौर सिंह, विष्णु नेताम,कुशल ध्रुव, पीतांबर नागेश, खेमसिंह, परदेशी, ओमप्रकाश यादव सहित क्षेत्र के सभी किसान उपस्थित थे।

# राष्ट्रीय उपभोक्ता अधिकार दिवस पर स्वयंसेवकों ने सिखाए डिजिटल न्याय के गुर



हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर

राष्ट्रीय उपभोक्ता अधिकार दिवस पर डिजिटल न्याय के साथ सक्षम और त्वरित निष्पादन थीम पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। अधिकारी डॉ. देवादास बंजारे के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय सेवा योजना प्रकोष्ठ, फणिकेश्वर नाथ महाविद्यालय के स्वयंसेवकों द्वारा आम नागरिकों को डिजिटल लेनदेन और ई–कॉमर्स से जुड़ी चुनौतियों के लिए तैयार करने तथा जिम्मेदार खरीदारी और नैतिक व्यावसायिक प्रथाओं को बढ़ावा देने प्रचार–प्रसार एवं अधिकारों से अवगत कराया।

स्वयंसेवकों द्वारा स्थानीय समुदायों को ई जागृति पोर्टल और राष्ट्रीय उपभोक्ता हेल्पलाइन के बारे में शिक्षित कर रहे हैं, ताकि वे ऑनलाइन शिकायत दर्ज करना सीख सकें। उपभोक्ता जागरूकता और जागो ग्राहक जागो जैसे विषयों पर पोस्टर और नारे बनाकर ग्राहकों को समझाया गया। डिजिटल उपभोक्ता सुरक्षा, भ्रामक विज्ञापन और ई–कॉमर्स धोखाधड़ी जैसे विषयों पर चर्चा और प्रश्नोत्तरी के माध्यम से कॉलेज परिसर एवं सार्वजनिक स्थानों पर खरीदारी के दौरान होने वाली धोखाधड़ी और अधिकारों के प्रति सचेत करने के लिए लघु नाटकों का मंच किया गया। स्वयंसेवकों द्वारा महिलाओं, बच्चों, बुजुर्गों के स्थानीय समूहों तथा ग्राम पंचायत भवन, बड़ा पेड़, स्कूल परिसर, आंगनवाड़ी केंद्र, मंदिर परिसर, सामुदायिक हॉल खुला मैदान पर जाकर लोगों से मिलकर जागरूक करने का प्रयास किया गया।

# नि:शक्त लोमेश को मिली मोटराइज्ड ट्राइसाइकिल

संलग्न 24 जीवायबी फ़ोटो 017



गरियाबंद। राज्य शासन एवं जिला प्रशासन की संवेदनशील पहल से कलेक्टर श्री बी.एस. उईके एवं जिला पंचायत के सीईओ प्रखर चंद्राकर ने जिले के फिंगेश्वर विकासखंड के ग्राम जेंजरा निवासी 40 वर्षीय दिव्यांग लोमेश कुमार साहू को कलेक्ट्रेट परिसर में मोटराइज्ड ट्राइसाइकिल प्रदान की गई। अब लोमेश को किसी दूसरे पर आश्रित होने की अधिक आवश्यकता नहीं पड़ेगी। जन्म से दिव्यांग लोमेश की बड़ी बाधा दूर हो गई। लोमेश ने बताया कि वे वर्षों से चलने-फिरने में गंभीर कठिनाइयों का सामना कर रहे थे। सहायता प्राप्त करने के लिए उन्होंने कई बार अलग-अलग माध्यमों से आवेदन किया था। लेकिन किसी कारणवश उनका आवेदन संबंधित विभाग तक नहीं पहुंच पाया। लंबे समय तक निराशा के बावजूद उन्होंने उम्मीद नहीं छोड़ी।

इसकी जानकारी समाज कल्याण विभाग के उप संचालक डी.पी. ठाकुर को मिलने पर मामले की गंभीरता को समझते हुए श्री ठाकुर ने कलेक्टर श्री उईके को इस बारे में वस्तुस्थिति से अवगत कराया। इस पर कलेक्टर ने हितग्राही की संवेदनशील स्थिति को देखते हुए तत्काल समाज कल्याण विभाग के अधिकारी को निर्देश देते हुए शासन की योजना के अंतर्गत लोमेश को मोटराइज्ड ट्राइसाइकिल प्रदान करने को कहा। विभाग द्वारा उनसे शासकीय प्रक्रिया पूरी कराते हुए उन्हें आज ट्राईसायकिल प्रदान किया गया। इस अवसर पर अधिकारियों ने कहा कि पात्र हितग्राहियों को शासन की योजनाओं का हर संभव लाभ दिलाना शासन की प्राथमिकता है। ताकि कोई भी जरूरतमंद व्यक्ति सहायता से वंचित न रहे और सभी को सम्मानपूर्वक जीवन जीने का अवसर मिले।

इस दौरान मोटराइज्ड ट्राइसाइकिल पाकर लोमेश साहू अत्यंत भावुक हो गए। उन्होंने कहा कि 40 साल की उम्र में आज तक चलने-फिरने में कई बाधाएं आई। लेकिन आज वह बाधा पूरी तरह दूर हो गई है। उन्होंने मोटराइज्ड ट्राइसाइकिल प्राप्त कर राज्य शासन एवं जिला प्रशासन को धन्यवाद ज्ञापित किया है। उन्होंने मुख्यमंत्री का भी आभार व्यक्त करते हुए कहा कि राज्य सरकार की संवेदनशील नीतियों और प्रशासन की तत्परता से आज दिव्यांगजनों को नई राह, आत्मविश्वास और आत्मनिर्भरता मिल रही है।

# ईसीसीई मेले बच्चों ने गीत चित्रकला की दी प्रस्तुति



**अभनपुर।** अभनपुर विकासखंड के ग्राम पंचायत कन्हेरा एवं उल्बा,केन्द्री के आंगनबाड़ी केंद्रों मे ईसीसीई मेला उत्सव संपन्न हुआ। आयोजन का उद्देश्य नन्हे बच्चों के सर्वांगीण विकास के साथ-साथ अभिभावकों को प्रारंभिक शिक्षा के महत्व के प्रति जागरूक करना रहा। ईसीसीई मेला उत्सव के दौरान आंगनबाड़ी के बच्चों ने गीत, चित्रकला, खेल तथा विभिन्न रचनात्मक गतिविधियों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। बच्चों की प्रस्तुतियों को उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं अभिभावकों ने सराहा। आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा बाल मेला में बौद्धिक विकास, दैनिक जीवन में उपयोगी गतिविधियों तथा खेल-खेल में सीखो के सिद्धांत पर आधारित विभिन्न शैक्षणिक स्टॉल लगाए गए। बच्चों को दैनिक उपयोग की वस्तुएं, कार्टून, छायाचित्र एवं पोषण आहार से संबंधित सामग्री को रोचक एवं विश्लेषणात्मक तरीके से समझाया गया। इस अवसर पर कन्हेरा सरपंच भानुप्रताप साहू,उल्बा सरपंच नेहरू लाल साहू,केन्द्री सरपंच नेतराम साहू,खेमेश्वरी वर्मा,रीखीराम साहू, रश्मि साहू, उर्वशी साहू, जानकी साहू, हेमिन साहू, सहायिका गोदावरी देवदास, भारती साहू, दुलारी साहू, मितानिन ललिता साहू, जीराबाई साहू,कुसुम ठाकुर, अंबिका कोसले, चंद्रबली भारतद्वाज, लता देवी ध्रुव, टिमन यादव, बिसवन्तीन धृतलहरे, रोशनी धृतलहरे, किरण कोसले, लक्ष्मी भारतद्वाज सहित ग्रामीण उपस्थित रहे।

# भाजपा सरकार के दो वर्ष सेवा संकल्प और समर्पण की मिसाल



**मैनपुर।** भाजपा मंडल मैनपुर के अध्यक्ष संतोश यादव ने कहा मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में भाजपा सरकार के दो वर्ष सफलता और उपलब्धियों से भरा रहा। सुशासन सेवा संकल्प और समर्पण की मिशाल है इन दो वर्शो में छत्तीसगढ़ ने विकास विश्वास और जनकल्याण के नये आयाम स्थापित किये है सरकार प्रदेश से भय और आतंक को समाप्त करने की दिशा में ताबड़तोड़ कार्यवाही करते हुए नक्सलियों का सफाया कर रहा है और पूरे प्रदेश में अमन चैन खुशहाली स्थापित करने का कार्य किया जा रहा है।

# भयमुक्त वातावरण में शिक्षा प्रदान करना ही एफएलएन का मुख्य उद्देश्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

- नवीन पाठ्यक्रम व बुनियादी शिक्षा पर विशेषज्ञों ने दिया मार्गदर्शन

विकासखण्ड स्तरीय एफएलएन प्रशिक्षण प्राथमिक शाला शिक्षक प्रशिक्षण के अन्तर्गत कक्षा पहली से तीसरी तक अध्यापन कराने वाले शिक्षकों का विकासखण्ड स्तर पर तीन जोन में विभाजन कर पांच दिवसीय गैर आवासीय 15 से 17 दिसम्बर तथा 19 से 20 दिसम्बर तक कार्यालय विकाखण्ड स्त्रोत समन्वयक केन्द्र गरियाबंद में किया गया। विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी गजेन्द्र कुमार ध्रुव एवं विकासखण्ड स्त्रोत समन्वयक छन्नू लाल सिन्हा के मार्गदर्शन में शिक्षक प्रशिक्षण आयोजित किया गया। पांच दिवसीय प्रशिक्षण के दूसरे दिन डाईट रायपुर के उप प्राचार्य संगीता यादव, गरियाबंद के प्रभारी प्रतिभा सोनी, लीना नेम पांडे एवं छुरा प्रभारी नीरजा सातपुते द्वारा प्रशिक्षणार्थियों के बीच पहुंचकर नवीन पाठ्यपुस्तक एवं एफ.एल.एन. आधारित विकासखण्ड स्तरीय शिक्षक प्रशिक्षण का निरीक्षण कर आवश्यक मार्गदर्शन दिए।

इस अवसर पर रायपुर के उप प्राचार्य यादव ने कहा कि एफ.एल.एन. प्रशिक्षण कार्यक्रम 2027 तक चलेगा। इसलिए पूरे मनोयोग के साथ प्रशिक्षण में जो बातें दिखाई जा रही है। उस विषय वस्तु पर उपयोग कक्षा शिक्षण में करें। बच्चों के साथ खुलकर बात करें और पाठ योजना तैयार कर टी एल एम के माध्यम से गतिविधि आधारित शिक्षण कार्य करे। जिससे बच्चों को आसानी से समझ में आ सकें। उन्होंने कहा कि भयमुक्त वातावरण एवं आनंददायक शिक्षा प्रदान करना ही एफ एल एन का मुख्य उद्देश्य है। एफ एल एन राज्य प्रभारी लीना नेम पांडे ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत चल रहे निपुण भारत मिशन का एक हिस्सा है जिसका उद्देश्य कक्षा तीसरी तक के सभी बच्चों को पढ़ने, लिखने और बुनियादी गणितीय समस्याओं को हल करने में सक्षम बनाना है।

प्रतिभा सोनी ने कहा कि यह निरीक्षण इस बात को सुनिश्चित करता है कि एफ एल एन प्रशिक्षण प्रभावी ढंग से लागू हो और प्राथमिक स्तर पर बच्चों की सीखने की नींव मजबूत हो सके, छुरा प्रभारी श्रीमती नीरजा सातपुते इस प्रशिक्षण के लाभ के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि पाठ्यपुस्तक प्रशिक्षण में शिक्षकों को व्यवस्थित शिक्षण प्रदान करने, पाठ्यक्रम कवरेज सुनिश्चित करने और प्रभावी शिक्षण विधियों से लागू करने में मदद मिलती है। जिससे छात्रों की समझ में सुधार होता है और अवसर पर विकासखण्ड मास्टर ट्रेनर्स प्रशिक्षार्थी शिक्षक उपस्थित रहे।

प्रशिक्षण में एफ एल एन के मास्टर ट्रेनर्स लोकेश्वर सोनवानी, अशोक तिवारी, पुरूषोत्तम लाल साहू, कमलेश कुमार त्रिवेन्द्र, पुनीत राम साहू, प्रतिभा सकरिया, नीता सार्वा, सुश्री पद्मजा गुप्ता एवं संकुल समन्वयक मनोज चन्द्रकार, प्रशांत कुमार डबली, मृगेन्द्र कुमार बंजारे, रूद्रेश कुमार वैष्णव, तुलजा धुरव,ऐश्वर्या सिन्हा, डोमार सिंह ठाकुर सहित अधिक संख्या में शिक्षक उपस्थित थे।

# छात्रों ने सिखाई मशरूम उत्पादन की विधि



**फिंगेश्वर।** रावे कार्यक्रम के अंतर्गत चौथे वर्ष के छात्रों द्वारा ऑयस्टर मशरूम उत्पादन पर व्यावहारिक प्रशिक्षण एवं प्रदर्शन का सफल आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम डॉ. सरोज मिश्रा के मार्गदर्शन में सम्पन्न हुआ।कार्यक्रम के दौरान छात्रों ने तेजराम खुंटे के यहां जाकर ऑयस्टर मशरूम उत्पादन की संपूर्ण विधि सब्सट्रेट की तैयारी, उबालना, सुखाना, स्पॉन मिलाना, बैग भरना तथा इनक्यूबेशन और फ्रूटिंग की प्रक्रिया को विस्तारपूर्वक समझाया और व्यावहारिक रूप से प्रदर्शित किया। साथ ही किसानों को मशरूम के पोषक तत्वों, औषधीय गुणों, बाजार मूल्य, आर्थिक लाभ तथा इससे बनने वाले उप–उत्पादों जैसे मशरूम पाउडर, पिकल और स्नैक्स के बारे में भी जानकारी प्रदान की गई।कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीण किसानों को कम लागत में उच्च आय वाली कृषि आधारित उद्यमिता अपनाने हेतु प्रेरित करना था। इस प्रशिक्षण से किसानों को मशरूम उत्पादन तकनीक की स्पष्ट समझ प्राप्त हुई तथा भविष्य में इसे रोजगार एवं आजीविका के साधन के रूप में अपनाने का मार्ग प्रशस्त हुआ।

## पोड़ में मनायी गयी गई गुरु घासीदास जयंती

# गुरु बाबा के मनखे-मनखे एक समान का संदेश सभी समाज के लिए अनुकरणीय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम



ग्राम पोड़ में गुरु घासीदास बाबा की जयंती पर मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष नवीन अग्रवाल ने कहा कि बाबा का संदेश मनखे-मनखे एक समान सभी समाज के लिए अनुकरणीय है। आज सर्व समाज इकट्ठा होकर बाबा जी की जयंती मना रहे हैं। यह बहुत ही अच्छी बात है। इन्होने कहा कि बाबा जी के बताएं रास्ते पर चलें। इस संसार में अनेक संत हुए जिसमें बाबा गुरु घासीदास एक महान संत थे। श्री अग्रवाल ने सतनामी समाज की मांग पर टीन शेड हेतु 5 लाख की घोषणा की। समारोह की अध्यक्षता करते हुए जिला पंचायत सदस्य यशवंत साहू ने कहा कि बाबा के बताए रास्ते को अमल करना हम सबका कर्तव्य है इस रास्ते पर चलेंगे तो निश्चित ही सभी का विकास होगा। श्री साहू ने पेवर ब्लॉक के लिए 3 लाख रूपए देने का घोषणा किया। विशेष अतिथि के रूप में मौजूद जनपद पंचायत के सभापति ब्रम्हानंद साहू ने कहा कि बाबा जी का संदेश अपने जीवन में उतारे तो समाज विकसित होगा। नशा रूपी बुराई को खत्म करेंगे तभी हम आगे बढ़ पाएंगे। कार्यक्रम में सरपंच भूपेश सिंह ध्रुव ,उपसरपंच रमाकांत ,टीआर वर्मा, मानु तिवारी,भूपेंद्र वर्मा,गीता साहू ,लीला साहू ,सीताराम वर्मा, चानुक राम साहू,मोहन साहू,शंकर साहू,रमेश बघेल,गोपाल साहू,कोमल वर्मा, उत्तम साहू ,मनराखन सोनवानी, खेमचंद गिलहरे, युवराज बारले, रामकुमार गिलहरे, रवि मन्नाडे,घासीराम सोनवानी,रमेश बंजारे,सुरीत कुर्रे, डॉ मल्होत्रा,गेमन सोनवानी,तरुण गिलहरे, दाऊ राम, महेंद्र, काशी, संतु, धन्नू ,चेतू ओमप्रकाश, राकेश, मोहित, बिसौहा,बसावन, हरिराम आदि मौजूद थे। कार्यक्रम के प्रारंभ में अतिथियो ने बाबा गुरू घासीदास जी को माल्यार्पण कर नमन किया। इस अवसर पर सत के छैया पंथी पार्टी पोड़ एवं सत्य के संदेसिया पंथी पार्टी जौंदा का कार्यक्रम हुआ।

